प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 13.04.2024

कूटरचित दस्तावेजों द्वारा धोखाधड़ी व प्रतिरुपण द्वारा छल कर खुद को लोकसेवक बताने का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कैण्ट के नेतृत्व में उ0नि0 राकेश कुमार मय पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर अभियुक्त दुर्गेश कुमार पासी पुत्र रामेन्द्र पासी नि0 ग्राम कंदराई थाना खजनी जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से 01 अदद चार पहिया वाहन, उ0प्र0 पुलिस उ0नि0 की वर्दी व 01 अदद अवैध पुलिस आईडी कार्ड बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/के आधार थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 226/2024 धारा 170,419,420,467,468,471,474 भादवी पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

पूछताछ के क्रम में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मेरी शादी चार साल पहले हुई थी। मै अपनी पत्नी व ससुराल वालो को दिखाने लिए वर्ष 2022 में उ0प्र0 पुलिस में उ0नि0 के पद पर भर्ती होने की झूठी बात बतायी। सभी को दिखाने के लिए मैने अपनी पत्नी को बताया कि मेरी ट्रेनिंग सीतापुर में हो रही है और उसमें काफी पैसा खर्च होगा। ट्रेनिंग के नाम पर ससुराल वालों से पैसा लिया तथा अपनी पत्नी को साथ लेकर सीतापुर में 4 माह तक रहा। उसके बाद अपनी पत्नी को बताया कि मेरी पोस्टिंग हापुड़ में हो गयी है, तुम घर चली जाओ। उसके बाद अवैध वर्दी व आईडी कार्ड के साथ क्षेत्र में घुम कर आम जनमनस को डराता धमकाता था तथा स्वीफ्ट डिजायर गाड़ी UP53DJ3940 के समाने डैसबोर्ड पर पुलिस की धौंस जमाने के लिए पीकैप रखकर चलता था, जिससे कोई रोक टोक न हो तथा टोल टैक्स पर पैसा न देना पड़े।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

दुर्गेश कुमार पासी पुत्र रामेन्द्र पासी नि0 ग्राम कंदराई थाना खजनी जनपद गोरखपुर

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 226/2024 धारा 170,419,420,467,468,471,474 भादवी थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

1. 01 अदद चार पहिया वाहन
2. उ0प्र0 पुलिस उ0नि0 की वर्दी, 01 अदद अवैध पुलिस आईडी कार्ड

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 राकेश कुमार पुलिस थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
2. का0 ताजविजय थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
3. का0 अरुण भारती थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर